SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

CS (Main) Exam,2019



# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* मनोविश्लेषण में व्यवहारवाद के भवन का निर्माण प्रयोजनपरक उपागम की कमजोरियों पर किया गया था। मूल्यांकन कीजिए।

The edifice of behaviourism was built on the loopholes of the teleological approach in psychoanalysis. Evaluate.mo

*(b)* ''नैदानिक तथा पूर्वानुमानिक अनुसंधानें एक-दूसरे के पूरक हैं।'' उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

"Diagnostic and prognostic researches are complementary to each other." Explain with suitable examples.

*(c)* मनोवैज्ञानिक अनुसंधानों में, उपयुक्त उदाहरणों के साथ, परिकल्पना की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

Explain the role of hypothesis in psychological researches with suitable examples.

*(d)* वस्तुओं को हम तीन विमाओं में किस प्रकार देखते हैं? इसको प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।

How do we see the objects in three dimensions? Discuss the factors influencing the same.

*(e)* अपसरण बुद्धिलब्धि, परम्परागत बुद्धिलब्धि से किन-किन तरीकों से भिन्न है? विवेचना कीजिए।

In what ways is deviation IQ different from traditional IQ? Discuss.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**2.** *(a)* ''स्मृति का बहुभण्डारी मॉडल, स्मृति की प्रकृति की सबसे अच्छी प्रकार से व्याख्या करता है।'' इस कथन का मूल्यांकन सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य एवं आनुभविक साक्ष्यों में कीजिए।

"Multistore model of memory best explains the nature of memory." Evaluate the statement in theoretical perspective and empirical evidences. 20

*(b)* बच्चे के सामाजिक तथा संवेगात्मक स्वास्थ्य के लिए माता-पिता के प्रति आसक्ति का क्या महत्त्व है? विकासीय थियोरियों के परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट कीजिए।

What is the significance of attachment to parents in social and emotional well-being of a child? Illustrate from the perspective of developmental theories. 15

*(c)* भूख की संवेदना को पर्यावरणी कारक किस प्रकार निर्धारित करते हैं? उदाहरणों के साथ व्याख्या कीजिए।

How do environmental factors determine the sensation of hunger? Illustrate with examples. 15

**3.** *(a)* प्रयोगात्मक तथा अर्ध-प्रयोगात्मक अभिकल्पों के मध्य भिन्नता दर्शाइए। मनोवैज्ञानिक अनुसंधानों में अर्ध-प्रयोगात्मक अभिकल्पों के अनुप्रयोगों का मूल्यांकन कीजिए।

Differentiate between experimental and quasi-experimental designs. Evaluate the applications of quasi-experimental designs in psychological researches. 20

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(b) स्पष्ट कीजिए कि अपसारी चिंतन, अभिसारी चिंतन से किस प्रकार भिन्न है। बच्चों में अपसारी चिंतन को पोषित करने की विधियों पर चर्चा कीजिए।

Explain how divergent thinking is different from convergent thinking. Discuss the methods to foster divergent thinking in children. 15

(c) उपलब्धि अभिप्रेरण क्या है? उपलब्धि अभिप्रेरण का आकलन करने की एक विधि के रूप में प्रक्षेपी तकनीक पर चर्चा कीजिए।

What is achievement motivation? Discuss the projective technique as a method for assessing achievement motivation. 15

**4.** (a) मानव व्यवहार पर उद्दीपक-वंचन के प्रभावों पर, इंद्रियानुभविक साक्ष्यों के साथ, चर्चा कीजिए।

Discuss the effects of stimulus-deprivation on human behaviour with empirical evidences. 20

(b) नव पाँच-कारक थियोरी, 16 व्यक्तित्व कारक थियोरी से किस प्रकार भिन्न है? व्याख्या कीजिए।

How is NEO Five-Factor Theory different from 16 Personality Factors Theory? Explain. 15

(c) उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि मूल्यों का सबसे अच्छा पोषण बाल्यावस्था के दौरान किया जा सकता है। विद्यालयी बच्चों में नैतिक एवं नीतिपरक मूल्यों का पोषण करने की विभिन्न विधियों पर चर्चा कीजिए।

Illustrate that values can best be fostered during childhood. Discuss different methods for fostering moral and ethical values among school-going children. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भाषा अर्जन में 'क्रांतिक अवधि' परिकल्पना का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the 'critical period' hypothesis in language acquisition.

(b) "कौशल अधिगम (सीखने) में विभेदीकरण तथा सामान्यीकरण दो पूरक प्रक्रियाएँ हैं।" क्रियाप्रसूत अनुकूलन का हवाला देते हुए इस पर चर्चा कीजिए।

"Discrimination and generalization are two complementary processes in skill learning." Discuss with reference to operant conditioning.

(c) "रूढ़धारणाएँ पूर्वाग्रह एवं भेदभाव उत्पन्न कर सकती हैं।" भारतीय संदर्भ से उदाहरण उद्धृत करते हुए व्याख्या कीजिए।

"Stereotypes can lead to the development of prejudice and discrimination." Explain citing examples from Indian context.

(d) मनोविज्ञान को शास्त्र के रूप में विकसित करने में संरचनावाद ने किस प्रकार योगदान दिया था? मूल्यांकन कीजिए।

How did structuralism contribute to the development of psychology as a discipline? Evaluate.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(e) किस कारण अधिकांश लोगों को ज्यामितीय भ्रमों का अनुभव होता है? मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य से व्याख्या कीजिए।
Why do most people experience geometrical illusions? Explain from the psychological perspective.

**6.** (a) गार्डनर की बुद्धि की थियोरी, स्पियरमैन की बुद्धि की थियोरी से किस प्रकार भिन्न है? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।
How is Gardner's theory of intelligence distinct from Spearman's theory? Illustrate. 20

(b) जीवन की परिस्थितियों से उदाहरण उद्धृत करते हुए प्रत्यक्ष-ज्ञान संगठन की परिघटना की व्याख्या कीजिए।
Citing examples from life situations, explain the phenomenon of perceptual organization. 15

(c) प्रतिस्थानिक अधिगम क्या है? संवेगात्मक अनुक्रियाओं के अर्जन में इसके अनुप्रयोगों की विवेचना कीजिए।
What is vicarious learning? Discuss its applications in acquisition of emotional responses. 15

**7.** (a) 'संप्रत्यय' को परिभाषित कीजिए। विभिन्न प्रकार के संप्रत्ययों तथा उनके निरूपण में शामिल प्रक्रियाओं को उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
Define 'concept'. Illustrate different types of concepts and processes involved in the formulation of the same. 20

(b) संस्कृतियों के आरपार समानताओं की दृष्टि से भाषा का किस प्रकार विश्लेषण किया जा सकता है? वैज्ञानिक साक्ष्यों के साथ व्याख्या कीजिए।
How can language be analyzed for its similarities across cultures? Explain with scientific evidences. 15

(c) द्विमार्गीय प्रसरण-विश्लेषण केवल दो एकमार्गीय प्रसरण-विश्लेषणों का जोड़ नहीं है। वर्णन कीजिए तथा उदाहरणों के साथ मूल्यांकन कीजिए।
Two-way ANOVA is not merely an addition of two one-way ANOVAs. Describe and evaluate with examples. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**8.** (a) अनुसंधान साक्ष्यों को उद्धृत करते हुए समाजीकरण में सांस्कृतिक कारकों की भूमिका को उजागर कीजिए।
Citing research evidences, bring out the role of cultural factors in socialization. 20

(b) क्या स्मृतिलोप केवल पुनःप्राप्ति (रिट्रीवल) असफलता की परिघटना है? आनुभविक साक्ष्यों के प्रकाश में चर्चा कीजिए।
Is amnesia merely a phenomenon of retrieval failure? Discuss in the light of empirical evidences. 15

(c) व्यक्तित्व आकलन में पेपर-पेन्सिल परीक्षणों की उपयोगिताओं का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
Critically evaluate the uses of paper-pencil tests in personality assessment. 15

★★★